## खबर संक्षेप

### महाशिवरात्रि के पावन पर पर अखंड रामधुन का आयोजन



**नारायणगंज।** महाशिवरात्रि के पावन पर पर मां बड़ी माई मंदिर के तत्वाधान में अखंड राम धुन का आयोजन किया जा रहा है मां रेवा सत्संग राम धुन समिति ग्राम केरीवाह के द्वारा प्रारंभिक दिनांक 25 फरवरी दिन मंगलवार दोपहर 1:00 बजे से 26 फरवरी दिन बुधवार तक का आयोजन किया जाना है कन्या भोजन एवं भंडारा 26 फरवरी दिन बुधवार दोपहर 2:00 से अखंड राम धुन में अपना बहुमूल्य समय निकालकर सब परिवार तन मन धन से सहयोग प्रदान कर पूर्ण लाभ अर्जित करें आयोजन है समस्त धर्म प्रेमी ग्रामवासी नारायणगंज।

### साल्हे पानी मैं अखंड राम धुन का आयोजन

**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत डोभी के साले पानी में संकट मोचन हनुमान मंदिर में अखंड रामधुन का आयोजन 21 फरवरी से 27 फरवरी तक किया जा रहा है जो की 7 दिनों तक चलेगा जिसमें आसपास की गांव के जनता आयोजन में शामिल हो रही है 27 तारीख फरवरी को हवन पूजन भंडारे का आयोजन किया जा गया है जिसमें जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीय एवं जनपद सदस्य सुंदरलाल उर्वेति द्वारा समस्त आसपास के ग्रामों की जनता से अपील की है इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धरम लाभ प्राप्त करें।

### पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुये कलेक्टर के निर्देश

# समस्या को ध्यान रखकर करें तैयारी

*** सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का हो फालोअप।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि आगामी ग्रीष्मकाल में पेयजल की संभावित समस्या को ध्यान में रखकर सभी तैयारियाँ समयपूर्व पूर्ण करें जिससे सभी ग्रामों, मजरो, टोलों में पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि सभी अनुविभागीय अधिकारी हेंडपंपों की वास्तविक स्थिति, पंचायतों के पास उपलब्ध पानी के टेंकर आदि की जानकारी रखें। बिगड़े हुए हेंडपंपों की आवश्यकतानुसार मरम्मत कराएं। जिन क्षेत्रों में किसी अन्य स्त्रोत से पेयजल उपलब्ध नहीं कराया जा सकता हो वहां टैंकर के माध्यम से पेयजल सप्लाई की जाएगी, इसके लिए टेंकरों की स्थिति की जाँच करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन ग्रामों में नलजल योजना का कार्य अंतिम चरण में है उसे शीघ्र पूर्ण कराएं। बैठक में सभी एसडीएम ने अपने-अपने अनुविभाग के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पीपीटी प्रेजेन्टेशन प्रस्तुत किए एवं अभी तक की तैयारियों से अवगत कराया।

### सीएम हेल्पलाईन के संतुष्टिपूर्वक निराकरण पर ध्यान दें-कलेक्टर

समय सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक जिला योजना भवन में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि सभी विभाग, योजना तथा परियोजना में वित्त वर्ष की समाप्ति के पूर्व संबंधित कार्यवाहियाँ पूर्ण करवाएं तथा आवंटित राशि की उपयोगिता सुनिश्चित करें। विधायक एवं सांसद निधि के प्रगतिरत कार्यों की द्वितीय और अंतिम किश्त शीघ्र जारी करवाएं ताकि वित्त वर्ष की समाप्ति के पूर्व स्वीकृत राशि का उपयोग कराया जा सके। सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जिले की ग्रेडिंग में इस माह जिन विभागों की सी और डी ग्रेड आई है वे संतुष्टिपूर्वक निराकरण पर विशेष ध्यान दें तथा आगामी माह की ग्रेडिंग में अपनी स्थिति सुधारें। 100 दिवस से अधिक वाली 1044 शिकायतें हैं, संबंधित विभाग इन्हें प्राथमिकता से लें, विभाग प्रमुख इसका प्रतिदिन फॉलोअप करें। नेत्रज्योति तथा निःक्षय अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि निःक्षय मित्र के रजिस्ट्रेशन बहुत कम हैं, इसकी संख्या बढ़ाएं, साथ ही चेस्ट एक्स-रे की पोर्टल पर एंट्री में बहुत गेप है, इसे शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि नेत्रज्योति तथा निःक्षय अभियान की डेली बेसेस पर समीक्षा करें।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि सभी प्रकार के लोकसेवा गारंटी से जुड़े हुए आवेदन लोकसेवा केन्द्र के माध्यम से ही स्वीकार करें, इससे आवेदकों के आवेदनों का समय सीमा में निराकरण हो सकेगा। आमजन से ऑफलाईन आवेदन लेने के स्थान पर उन्हें लोकसेवा के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करने के लिए प्रेरित करें। विभागों के लिए चिन्हित तथा आवंटित भूमि के संबंध में उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें कि संबंधित शासकीय भूखंड पर किसी प्रकार का कब्जा न हो। भूमि का सीमांकन करवाकर उसकी सीमाएं सुरक्षित करें। बैठक में सीएम राईज स्कूल, सामूहिक विवाह, अंतर्विभागीय बिन्दु, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम, आयुष्मान कार्ड, उर्वरक भंडारण के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएम वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



# बाबा ईश्वर शाह साहिब जी का आगमन 5 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



आध्यात्मिक सद्गुरु बाबा ईश्वर शाह जी का आगमन मंडला में 5 मार्च बुधवार को डिंडौरी रोड खैरी में स्थित स्थानीय लॉन में होने जा रहा है। हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति कटनी, शाखा मंडला के सेवादार सदस्यों के द्वारा बताया गया कि हरिराया पूरण सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब जी का मंडला की पावन नगरी में आगमन को लेकर सभी आवश्यक विशेष तैयारियां की जा रही हैं। बताया गया कि इस आयोजन में बड़ी संख्या में धर्म आस्था प्रेमियों के शामिल होने की संभावना है। इसमें मंडला की संगत के साथ ही अन्य शहरों से भी बड़ी संख्या में सात संगत के आने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में भजन,सत्संग प्रवचन,गुरु दर्शन के साथ-साथ अन्य सांस्कृतिक आयोजन की बेला शामिल है। आयोजन में भंडारे के लिए विशेष तैयारी की जा रही है जिसमें सभी जनों को प्रसादी ग्रहण करने का अवसर प्राप्त होगा।

### विद्यार्थी परिषद ने एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**मण्डला।** प्रत्येक वर्ष वार्षिक परीक्षाओं के शुरू होने से पहले प्रशासन द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई में किसी तरह का व्यवधान न हो परंतु 10वी तथा 12 वी सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी है साथ ही माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाएं भी प्रारंभ होने जा रही है, परंतु हमारे मंडला जिले वा विशेषकर मंडला नगर में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग अनावश्यक रूप से किया जा रहा है, जिसमें निर्धारित समय सीमा वा वॉल्यूम का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के अध्ययन कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है जिस हेतु आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने एसडीएम कार्यालय जाकर एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा तथा इस विषय पर ध्यान देकर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की जिससे बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियो को अध्ययन कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न ना हो।इस दौरान विद्यार्थी परिषद मंडला नगर की कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## सामाजिक कार्यकर्ताओं ने ग्राम में शराब, मांस बिक्री प्रतिबंध का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



नारायणगंज जनपद का पटेहरा गांव जहां पर पिछले कई सालों से ग्राम की सीताराम संकीर्तन समिति द्वारा पिछले पिछले 20 सालों से प्रति दिन सुबह प्रभात फेरी का आयोजन होता हे जिसमें गाओ का प्रत्येक व्यक्ति सीताराम संकीर्तन समिति से जुड़ कर स्वस्थ लाभ के साथ साथ धार्मिक लाभ भी ले रहे है।

ग्राम पटेहरा में आयोजित प्रभात फेरी की 20वीं वर्षगांठ को बड़े ही उत्साह से मनाया गया अवसर पर सुबह 9:00 बजे से कलश यात्रा निकल कर 12:00 बजे देव पूजा कार्यक्रम किया गया साथ ही चौकी, सिंघानपुरी, पडरिया, टोला तिलगाओ, सोनपुर, सुंदरपुर, पटपरा देवरी, बरेला, डूडी 17 संकीर्तन समितियों का हुआ स्वागत और साथ ही क्षेत्रीय विधायक माननीय चैन सिंह वरकड़े, समाज सेवक राजेश सोनी, दुर्गेश सिंगरौरे, रितेश सोनी, अखिलेश अग्रवाल, धनेश्वर पटेल आदि लोगों का प्रवचन हुआ संतों का सम्मान अंत में प्रभात फेरी संकीर्तन सीताराम समिति के कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया, ग्राम प्रतिभा साली छात्र-छात्रों का हुआ सम्मान जो राम धुन से समाज को जोड़ने का प्रयास कर रहे हे उनको भी सम्मानित किया गया। अंत में कन्या भोज ओर भंडारा वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ कार्यक्रम में उपस्थितबहोरी पटेल, ओमकार सिंगरौरे, देवनारायण सिंगरौरे, राजाराम सिंगरौरे, हरिश्चंद्र सिंगरौरे, श्यामसुंदर सिंगरौरे, उमेश सिगरौरे, देवेंद्र श्रीवास्तव, कालीचरण सरपंच, उपसरपंच प्रकास सिगरौरे, संजय सिगरौरे, नरेन्द्र, सियाराम, आनंदी, बाल गोविंद जगदीश सेन ग्रामवासी उपस्थित रहे।



**पदयात्रा** | **कोलकाता से इंदौर की ओर चल रहा विहार।**

# नगर पहुंची आर्यिका विशाश्री माताजी की पदयात्रा

*** भव्यता से नगरवासियों द्वारा की गई अगुवानी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास



आर्यिका विशाश्री माताजी की मंगल पदयात्रा सोमवार को निवास पहुंची विशाश्री माताजी सहित 16 माताजी की ससंघ पदयात्रा इंदौर की ओर चल रही है। कोलकाता से शुरू हुई पदयात्रा जैसे ही निवास पहुंची सकल जैन समाज में उत्साह नजर आया और सभी अपने2 घर के सामने माताओं के पैर पखारते हुए सकल जैन समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक माताजी की आगवानी की। सभी माताजी जैन संत श्री विरागसागर जी महाराज और विशुद्ध सागर जी महाराज की शिष्या हैं। प्रतिदिन माताजी ससंघ 20-25 किलोमीटर का विहार कर रहीं हैं। नगर के नजदीक ग्राम बिझौली से निवास के नागरिक पैदल पदयात्रा करते हुए माताजी के संघ के साथ निवास पहुंचे। जहाँ गाजे-बाजे के साथ माताजी संघ का स्वागत किया गया। श्री आदिनाथ जैन मंदिर में माताजी ने पूजन किया नगर के मुख्य मार्ग होते हुए माताजी श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची इस पदयात्रा के दौरान बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग, महिलाओं सहित बच्चे उत्साह के साथ शामिल हुए। आगवानी के दौरान मुख्य रूप से अंकू जैन, विशाल जैन, अभिषेक जैन, अमित जैन, विजय जैन सहित समाज के नागरिकों की उपस्थिति रही।



### आज नगर में होगी आहारचर्या

माताजी ससंघ निवास में विराजमान हैं, अतः भगवान जी का पूजन-अर्चन के साथ विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। माताजी ससंघ की आहरचर्या भी निवास नगर में होगी, माताजी अपने प्रवचनों के माध्यम से सभी मानव समाज को भगवान महावीर के अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दे रहीं हैं,और आज दोपहर बाद माताजी का संघ जबलपुर की ओर विहार होने की संभावना है।



## खबर संक्षेप

### घर के पास गिट्टी डालने की बात को लेकर हुई मारपीट

गाडरवारा। पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम आंडेगांव निवासी मनीराम पिता रघुनाथ अहिरवार उम्र 50 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि घर के पास गिट्टी डालने की बात को लेकर वही के निवासी राकेश अहिरवार, राजकुमार अहिरवार सहित एक अन्य महिला द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### शराब पीने के लिये पैसा मांगे नहीं दिये तो कर दी पिटाई

गाडरवारा। समीपसि सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बैरागढ़ निवासी हल्केवीर पिता रवि शंकर धानक उम्र 36 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह बीते हुये दिवस अपने खेत जा रहा था उसी दौरान रास्ते में गांव का संदीप उर्फ चेतराम पिता मुन्ना लाल अहिरवार मिला और बोला की मुझे शराब पीना है तीन सौ रूपया चाहिये। प्रार्थी द्वारा पैसा देने से मना किये जाने की बात को लेकर आरोपी द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### स्कूटी की टक्कर से बाइक सवार घायल

गाडरवारा। समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम तेंदूखेड़ा निवासी आनंदी लाल पिता मान सिंह पटैल उम्र 35 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैं अपनी मोटर साईकल क्र.MP-49-MC-7801 से करेली होते हुए अपने जीजा सुरेन्द्र पटैल निवासी गरहा के यहां जा रहा था तथा मेरे साथ मेरा काम करने वाला हरिशंकर निवासी बारछी भी था। हम लोग जैसे ही ह गरहा पुलिया के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही एक स्कूटी क्रमांक MP-49-S-9985 के चालक द्वारा तेज गति लापरवाही पूर्वक चलाते हुये मेरी मोटर साईकल में पीछे से टक्कर मार दी जिससे प्रार्थी सहित उसके साथी हरिशंकर को चोटे अपने पर पुलिस द्वारा आरोपी स्कूटी चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### गाल लाल करते हुये दी गई जान से मारने की धमकी

गाडरवारा। समीपस्थ डोंगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम भैरोपुर निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब में अपने घर में लगी हुई आटा चक्की चला रहा था। उसी दौरान ग्राम के राम बाबू कौरव तथा राजेश कौरव आये और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगे। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपियों द्वारा प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुये गाल पर चाटा मारकर लाल कर दिया गया। वही जाने से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### बिजली का तार टूट जाने की बात को लेकर हुआ विवाद

गाडरवारा। लोग अपने घरों में उपयोग की जाने वाली बिजली लाईनों को रास्ता पार करते हुये इस तरह झूलते हुये छोड़ देते है जिसके चलते रास्तों से निकलने वाले वाहनों में फंसकर टूटने से नही चूकती है और इस स्थिति में यह विवाद करने पर उतारू होने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम आमगांव छोटा में देखने मिली जहां पर ट्रेक्टर में फंसकर बिजली लाईन टूट जाने के चलते विवाद हो गया। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम आमगांव छोटा निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस जब मै व मेरा बेटा अपना ट्रेक्टर लेकर रास्ते जा रहे थें तो सामने से झूलते हुये मुहल्ले के वीरेन्ट जाटव के घर की लाईन का तार टूट गया। इसी बात को लेकर वीरेन्द्र जाटव व उसका लड़का आकाश जाटव प्रार्थी के घर पहुंचा और बोला की हमारी बिजली लाईन क्यों तोड़ दी। प्रार्थी द्वारा कहा कि धूखे से ट्रेक्टर में फंस जाने के कारण टूट गई है।

# नगर की सड़कों पर आवारा चौपायों की धमाचौकड़ी से स्कूली छात्र छात्राओं सहित वाहन चालक परेशान, आखिर में नगरवासियों को परेशानियों से कब मिलेगी निजात






हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

**भले ही नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण को सफल बनाने के लिये शहर की दीवारों पर सुन्दर लेखन कराते हुये नई नबेली दुल्हन की तरह सजाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। मगर जिस तरह शहर की सड़को पर आमजन के जीवन को खतरा पैदा करने वाले आवरा पशुओं की मटर गस्ती में अंकुश लगाने में असफल रहने के कारण शहर की सुन्दरता को ग्रहण तो लग ही रहा है दूसरी ओर आमजन की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा होने से नही चूक रहा है?**

यह बात अलग है कि आये दिन आयोजित होने वाली बैठकों के आवारा पशुओं का मुद्दा प्रमुखता से उठते हुये देखा जाता है और इन पर अंकुश लगाने के लिये जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा भरोसा भी दिलाया जाता है मगर वह भरोसा मात्र एनाऊंसमेंट तक ही सीमित होकर रह जाता है और आमजन की परेशानी जहां की तहां बनी हुई देखने मिलती है। अक्सर देखा जाता है कि बरसात का मौसम हो या फिर गर्मी चाहे ठंड का मौसम मगर आवारा पशुओं को अक्सर सड़को पर ही देखा जाता है। अब चाहे वह गाय हो या फिर भैस, कुत्ता, बकरी या अन्य चौपाये जो नगर की सड़कों पर ही नजर आते है? इसकी वजह यह होती है कि इन आवारा चौपायो को विपरीत मौसम में छिपने छिपाने के स्थानों का अभाव होता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय भी देखने मिल रही है। क्योंकि पड़ रही समाप्त होने की ओर पहुंच रही ठंड के चलते जहां यह पशु रात के समय सड़क किनारे लगे हुये पेड़ो के नीचे आराम फरमाते हुये देखे जाते है तो सुबह होते ही सड़को के बीचो बीच भ्रमण करते हुये आमजन के लिये खतरा पैदा करने से नही चूक रहे है? इस स्थिति के चलते सबसे अधिक परेशानियों का सामना स्कूल छात्र छात्राओं सहित वाहन चालकों को करने के लिए मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि यह चौपाये कई बार दुर्घटनाओं का कारण बनते है। इस प्रकार से नगर की सड़को पर अपना साम्राज्य स्थापित करने वाले इन पशुओं पर अंकुश लगाने के लिये अनेको बार मांग की जा चुकी है। परंतु शायद इसकी परवाह किसी को नही रहती जो इस समस्या से लोगों को निजात दिलाने का जिम्मा उठा सके..? यह बात अलग है कि बीते हुये कुछ वर्ष पहले तत्कालीन नपा अध्यक्ष श्रीमति अनीता/रविशेखर जायसवाल के प्रयासों से इन आवारा पशुओं को सड़कों से हटाने के लिए हाका गेग बनाने के साथ वाहन भी खरीदे गये थें जिसके चलते इन पशुओं को सड़कों से हटाने की जिस तरह मुहिम चलाई गई थी जिससे आमजन को काफी राहत महसूस हुई थी। मगर अब न तो उस हांका गेंग का पता चल रहा है और नही वह वाहन नजर आ रहे है जो इन पशुओं को पकड़ते हुये नगर के वाहन छोड़ने के लिये खरीदे गये थें। इसी का परिणाम है कि अब नगर की सड़को पर इन आवारा पशुओं की हुजूम दिखाई देने लगा है। वैसे भी गौर किया जावे तो इस प्रकार से आवरा पशुओं से नगर में फैल रही अव्यवस्था के लिये काफी हद तक वे पशु मालिक भी जिम्मेदार है..? जो अपने पशुओं को घी दूध खाने के लिए पालने का शौंक तो करते है मगर और इसके बाद उन्हें आवारा सड़को पर घूमने के लिए छोड़ देते है जो आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा साबित होने से नही चूकते है। वही लोगों का कहना है कि यदि नगर पालिका प्रशासन इस ओर सख्त कदम उठाते हुए पशु मालिकों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्यवाही करने की शुरूआत कर दे तो निश्चित तौर से इन आवारा पशुओं पर अंकुश लग सकता है। मगर अभी तक इस प्रकार की कोई ठोस कार्यवाही नही होने का परिणाम है कि पशु मालिको के हौसले बुलंद है और यही कारण है कि यह समस्या हमेशा बनी रहती है। क्योंकि शहर में है आवारा चौपायों की फौज नगर की अधिकांश सड़कों पर डेरा जमाये रहती है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के पलोटन गंज, आमगांव तिरहा, राठी तिरहा, पुराना बस स्टेन्ड, झंडा चौक, पानी टंकी, शासकीय चिकित्सालय रोड़, चावडी रोड, पुरानी पुलिस चौकी, बी टी आई स्कूल के सामने सहित नगर के अनेक मुख्य मार्ग पर तो इनका जमावडा हमेशा ही बना रहता है। जबकि स्टेशन मार्ग पर तो इनका आतंक होता है, इनके आतंक के चलते आम आदमी की बात तो दूर वाहन चालकों के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कभी कभी तो स्थिति यह तक देखने मिलती है कि जब पशु आपस में लडते हुए वाहन से टकरा जाते है तो वाहन चालक घायल तक हो जाते है। गली मुलल्लो में सुअरों का आतंक-आवारा गाय, बैल जहां नगर की सड़कों में आतंक मचाते हुए घूम रहे है। वही नगर के गली मुहल्लों में सुअरों का आतंक भी काफी हद तक देखने मिल रहा है जहां ये सुअर लोगों को नुकसान पहुंचाते है। वही इनकी आवरगी से बीमारियां बढ़ने की पूरी संभावना है? वैसे भी देखा जावे तो इस मौसम में जिस प्रकार से मौसमी व गंभीर बीमारी का भय बना हुआ है, उसके चलते इन सुअरों का आतंक खासतौर पर हनुमान वार्ड, आजाद वार्ड, भामा वार्ड के पलोड़ कालोनी क्षेत्र, नर्मदा कालानी के आलवा गांधी वार्ड की ओर अधिक है जो नगर के अन्य स्थानों स्वान फलु जैसी बीमारी को आमंत्रण देने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? कुत्तों की फौज द्वारा भी मचाया जा रहा आंतक- वही दूसरी ओर नगर की आम जनता आवारा पशुओं के साथ साथ नगर में जहां तहां दर्जनों की संख्या में भ्रमण करने वाली कुत्तो की फौज से भी परेशान होने से नही बच पा रही है। इस प्रकार से नगर के प्रमुख मार्गो से लेकर कालोनियों व मुहल्लों में घूम रही कुत्तों की फौज के चलते देखा जा रहा है कि नगर की गलियों से लेकर कालोनियों में दर्जन भर से अधिक कुत्तों की यह फौज इन दिनों नगर की सड़कों पर आंतक मचाये हुये है, इनकी धमाचौकड़ी से जहां राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है वही महिलाये, बच्चे इनसे अतंकित होते हुये देखे जा रहे है, अनेकको बार देखा जाता है कि जब लोग रास्तों से निकलते होते है तो यह कुत्ता उन्हें काटने से भी नही चूकते है। इस स्थिति में अपने स्कूलों को आने जाने वाले मासूम बच्चों को रास्तों से निकलने में दहशत की स्थिति निर्मित होने से नही चूक पा रही है? नपा. उठाए सख्त कदम- इस प्रकार से नगर में लगातार बढ़ रहे आवारा पशुओं की धमाचौकड़ी सहित सुअरो व कुत्तो के आम लोगों द्वारा प्रशासन से अपेक्षा जताते हुये मांग की गई है कि वह उचित कदम उठाते हुये कोई ठोस कार्यवाही की जावे जिससे आम लोगों में लगातार फैल रही दहशत से निजात मिल सके।

## कैरोसिन न मिलने से गरीब परेशान, लकड़ी खरीदना हो रहा मुश्किल


**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** वर्तमान हाईटेक दौर में हालॉकि शहर के घरों में खाना बनाने के लिए रसोई गैस का इस्तेमाल किया जा रहा है पर शहर की आबादी के बड़े हिस्से में गरीब बर्ग के लोग आज भी कैरोसिन र्इंधन पर ही निर्भर है जो खाना बनाने के लिए मिट्टी के तेल का ही उपयोग कर रहे है। ज्ञातव्य है कि शहर में मिट्टी के तेल की सर्वाधिक खपत होती है, जिसके चलते नगर के गरीबों का कहना है कि इन दिनों अनेक गरीबों को सरकार के गैस कनेक्शन तो प्रदान किये गये है। मगर उनके भरोसे पूरे घर का खाना बन सके यह संभव नही है।



इस स्थिति में जिन लोगों को शासन द्वारा गैस कनेक्शन प्रदान किये गये है उन्हें मिट्टी तेल देना बंद कर लिया गया है और जलाऊ लकड़ी के चल रहे भाव आसमान को छूते हुए दिखाई दे रहे है जो गरीबों द्वारा खरीद पाना मुश्किल जान पड रहा है तथा नगर में कैरोसिन की भी किल्लत है। क्योंकि अनेक गरीबों को शासकीय दुकानों से मिट्टी का तेल नही मिल पा रहा है, इस प्रकार से नागरिक खाद्य आपूर्ति विभाग की कैरोसिन के वितरण में कोताही बरतने का नतीजा है कि गरीबों को जरूरत के हिसाब से मिट्टी का तेल उपलब्ध नहीं हो रहा है? उन्होंने बताया कि सहकारी दुकानों से गरीबो को जहां कैरोसीन नही दिया जा रहा है वह कुछ गरीबों को केवल 4 लीटर कैरोसिन हर माह वितरित किया जाने लगा है और शहर में अब मिट्टी के तेल की कालाबाजारी भी होने लगी है। शहर के अनेक गरीबो का आरोप है कि वास्ताविक हितग्राही तो मिट्टी के तेल से वंचित है मगर विडम्बना की होटलो, मिठाई की दुकानो के संचालक ब्लेक में कैरोसिन खरीद गरीबो का र्इंधन माने जाने वाला मिट्टी का तेल अपनी भट्टियो में फॅूक रहे है। शहर के मजदूरो, गरीब परिवारो की गृहणियो ने प्रशासन से मॉग की है ।

## सालीचौका में एसबीआई सहित अन्य बैंक शाखाओं के स्थापना की उठाई जा रही मांग

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।




जहां एक ओर प्रदेश से लेकर केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को अनेक प्रकार की जनहितैषी योजनाएं चलाते हुए उनका भला किया जा रहा है। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में शासन द्वारा बरती जा रही जरूरी चीजे उपलब्ध नही कराये जाने के कारण ग्रामीण जन इसका लाभ नही ले पा रहे है? जिसके प्रमुख रूप से देखा जावे तो सरकार द्वारा चलाई जा रही लगभग सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए हर व्यक्ति का बैक में खाता होना जरूरी है जिसके लिए कुछ राष्ट्रीयकृत बैकों को शामिल किया गया है। मगर सालीचौका में अभी तक न तो कोई बड़ी बैक की स्थापना हो पाई है और न हो कोई प्रयास होते हुये देखे जा रहे है संपूर्ण क्षेत्र की जिम्मेदारी यहां पर स्थिति मात्र एक छोटी यूको बैक के भरोसे ही चलते हुये देखी जा रही है जो क्षेत्रवासियों को अपने लेनदेने के लिये परेशान होते हुये देखा जाता है। जबकि देखा जावे तो सालीचौका से क्षेत्र में आधा सैकड़ो से भी अधिक गांव जुडे होने के साथ साथ यहां पर अनेक शुगर मिले, राईस मिलों के आलवा पुलिस थाना, हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल सहित शासकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र सहित रेलवे स्टेशन स्थापित है। मगर इसके बाद भी यहां पर संपूर्ण कार्य मात्र एक छोटी बैक के भरोसे संचालित होने के कारण लोगों को न तो समय पर शासन की योजनाओं को लाभ मिल पा रहा है और न ही क्षेत्रवासी अपना जरूरी लेनदेन कर पा रहे है? इस स्थिति में क्षेत्र के लोगों को मजबूरी बस गाडरवारा या फिर चीचली भटकने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता है। जबकि यहां पर भारतीय स्टैट बैक या फिर अन्य कोई दूसरी राष्ट्रीयकृत बैक की स्थापना होना अति जरूरी समझा जाने लगा है। बताया जाता है कि सालीचौका में मात्र एक बैक होने के कारण जहां आमजन बैक के अधिकारियों के रवैया को लेकर परेशान होते हुये देखे जाते है तो जब कोई व्यक्ति अपने खाते से अधिक राशि निकालने के लिये पहुंचता है तो उसे अनेक प्रकार की परेशानियों से जूझना पड़ता है। कहने के लिये तो यहां पर एटीएम स्थापित किया गया है मगर आये दिन उसमें रूपयों का आभाव यानि की खाली पड़ रहते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है? इस तरह सालीचौका क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को देखते हुये यहां पर अन्य दूसरी बैक की स्थापना होना अति आवश्यक महसूस किया जाने लगा है? क्योंकि मात्र एक बैक होने के कारण जहां शासन द्वारा सभी कार्य बैक के माध्यम से कर दिये इस स्थिति के चलते जब कोई उपभोक्ता बैक पहुंचता है तो यहां के अधिकारियों का रवैया किसी महाराजे से कम नही होता है? अधिकारियों के रवैया के चलते आमजन इस तरह का महसूस करते हुये दिखाई देता है कि वह अपने खाते से नही बल्कि बैक अधिकारी से साहूकारी के रूप में कर्ज लेकर जा रहा हो।

## ब्राण्डेड कंपनी के मिलते जुलते सामानों की आई बहार, आमजन की जिन्दगी को बन रहा खतरा?

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।




मार्केट में इन दिनों डिब्बा बंद खाद्य पदार्थो की मांग खासी बढ़ गई है। क्योंकि खुले समान में शुद्धता की गारंटी नहीं होने और स्वास्थ्य पर पड़नें वाले प्रभाव के चलते लोग पैक आईटम की ओर आकर्षित होने से नही चुक पा रहे है, इसके चलते बाजार में नामी गिरामी कंपानियों की विभिन्न वैरायटी के प्रोडक्ट आ रहे है जो बच्चों से लेकर बड़ो तक की पसंद बन गए है। मगर गौर किया जावे तो बाजार में कंपनियों से मिलते जुलते ब्रांडों की भी बाढ आई हुई है, यह सेहत पर क्या असर डालेंगे। इस बारे में न तो दुकानदार जान रहा है और न ही खाद विभाग को इतनी फुर्सत है कि इनकी जांच करें? बस दुकानदार तो कमीशन अधिक होने के फेरे में इन्हे बेचने में रूचि दिखाते हुए दिखाई दे रहे है जिसके चलते आम लोगों की जिन्दगी पूर्ण रूप से खतरे में दिखाई देने लगी है? अक्सर देखा जाता है कि बिना आई एस आई मार्क के भी प्रोडक्ट मार्केट में खुलेआम बेचे जा रहे है जो हानि कारक बताये जाते है? मगर ग्राहकों की जागारूकता के अभाव के चलते एवं दुकानदार लालच के चक्कर में असली की सूरत में नकली कंपानियों के समान बेचते हुए आसानी से दिखाई देते हुए जान पड़ रहे है..? एक्सपायरी डेट का उल्लेख नही होता है यदि इन समानों पर गौर किया जावे तो कई वस्तुओं पर तो इसके निर्माण की तिथि तक नहीं लिखी रहती और कई जगह एक्सपायरी डेट का समान बिकते हुए भी देखा जाता है? इन उत्पादों को शहर की गलियों सहित गांव गांव में बेचा जा रहा है और शहर सहित आसपास के कस्बों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में लाखों का कारोबार होता है, वही अच्छी कंपानियों का कमीशन कम है और दुकानदारों की मांग के अनुरूप इसकी पूर्ति नहीं होती है। इस कारण बाजार में इन नामों से मिलते जुलते प्रोडक्ट की बाढ़ देखने मिल रही है? वही दूसरी ओर यदि प्रशासन की सक्रियता पर गौर किया जावे तो इनके द्वारा कभी कभार ही इस प्रकार की दुकानों का कभी कभार ही निरीक्षण किया जाता है वह भी मात्र औपचारिकता पूर्ण होने के चलते इस प्रकार से गुणवत्ताहीन सामन की बिक्री करने वालों के हौसले बुलंद दिखाई दे रहे है।

## निर्माण सामग्री की कीमतें बढ़नें से टूट रहे आशियाने बनाने के सपने, स्टील के भाव बिक रहा लोहा

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।



कोई भी सरकार लाख दावा करें किन्तु हकीकत यह है कि वर्तमान में भीषण महॅगाई की रोकथाम न होने की हालत में आम आदमी की कमर इतनी अधिक तोड़ दी है कि वह आह भरने में भी असमर्थ हो गया। परिवारजनों की आवश्यकताएॅ पूरी करने में तो लोगों की सांसें ऊपर नीचे हो रही है, इसके अलावा मध्यवर्गी, गरीब व्यक्तियों के लिए छोटे से आशियाने का निर्माण करना इसलिए मुश्किल हो रहा है। क्योंकि मकानों की निर्माण सामग्री के दाम दिनोंदिन बढ़ते चले जा रहे है। आशियाने के सपनें को पूरा करने में असफल शहर के बाशिन्दो ने हरिभूमि को बताया कि मकान बनाना बुरे ख्वाब के समान हो गया है, सीमेन्ट, रेत, मिट्टी की कीमतें सोने के समान तेजी से बढ़ रही है, लोहे के दाम काफी हद तक महगांई में झूल रहे है, पीली मिट्टी के दाम बढ़नें से भी परेशानी हो रही है। उन्होने बताया कि भवन निर्माण सामग्री में इन दिनो सबसे तेज दौड़ सीमेन्ट लगा रहा है, एक बोरी सीमेन्ट जहां पिछले वर्ष 200 रू. से 400 रू. बोरी तक बिक रहा था, वह अब 300 रू. से 500 रूपया में बिक रहा है। इसी तरह ईट का भी हाल देखने मिल रहा है। क्षेत्र में ईट के भट्टो की संख्या बढ़नें के बावजूद आलम यह है कि 1500 र्इंट पांच से लेकर छः हजार रूपए से ऊपर में मिल रही है, जिसके चलते माध्यमवर्गीय लोगों का कहना है कि अपने आशियाने के सपने पर ग्रहण लगने से खासतौर से शहर के वे गरीब दिक्कत में आ गए है, जिनके पास या तो स्वयं के घर नही अथवा जिनके वर्षो पुराने कच्चे मकान ध्वस्त होते चले जा रहे है, यह बात अलग है कि कहने को तो सरकार द्वारा लोगों को पक्के मकान बनाकर प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत प्रदान किये जा रहे है। मगर यह योजना ग्रामीण क्षेंत्रों में पूर्णरूप से भाई भतीजावाद की शिकार होकर रहे गई है जिसके चलते अनेक पात्र हितग्राही इस योजना से बंचित होते हुए दिखाई दे रही है। वही दूसरी ओर इस प्रकार से निर्माण सामग्री की कीमत बढ़ने से उद्धेलित लोंगो का कहना है कि परिवहन का चार्ज बढ़ने से इमारती लकड़ी से लेकर मकानो की निर्माण सामग्री की कीमतें आसमान छू रही है। ऐसी स्थिति में जाहिर है मजदूरों के रेट में भी वृद्धि हो रही है, निर्माण सामग्री महंगी होने से व्यापारी, ठेकेदार और रेत के कारोबार से जुड़े काथित रहनुमा तो मजे कर रहे है पर आवासहीनो का खुद के घर का अरमान चूर चूर होता चला जा रहा है।

## नगर की धरोहर माने जाने वाली संपदा नजरअंदाज क्यों!

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** स्वतंत्रता संग्राम मे यहॉ के देशभक्त मंशाराम की शहादत, वर्तन उद्योग के अलावा चौगान के किले ने चीचली को समूचे देश मे पहचान दिलायी। गौड़ शासनकाल मे रानी दुर्गावती ने चीचली क्षेत्र मे अनेक मंदिरो, तालाबों का निर्माण कराया था, जो उपेक्षित होने के बावजूद अपना अस्तित्व बचाए हुए है। गौड़ साम्राज्य के स्मृति स्थलो की कड़ी मे राजमहल चीचली के सामने रानी दुर्गावती के परिवारजनों नें मजबूत आकर्षक बावड़ी का निर्माण कराया था जिसमे बहुत वर्षो तक पानी संरक्षित रहने के प्रमाण मिलते है, लेकिन विडम्बना की बात है कि प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से यह बावड़ी बेनूर हो गयी है, वर्षो की बरसात, ऑधियॉ सहने के बाद इसकी दीवारे क्षतिग्रस्त होती चली जा रही है और बाबड़ी के आस पास फैली गंदगी के बीच यह बावड़ी अपने शानदार अतीत पर ऑसू बहा रही है। गौरतलब है कि पुरा सम्पदर माने जाने वाली इस बाबड़ी की विशेषता का खास पहलू यह है कि उपेक्षित रहने के बाद भी अभी तक इसका अस्तित्व मिटा नही है और यदि शासन प्रशासन स्तर पर बावड़ी के सुधार की दिशा मे प्रयास किए जाएॅ तो इसका खोया गौरव फिर लौट सकता है।



## खबर संक्षेप

### पुलिस ने शहर के गति अवरोधकों में करवाई थर्मल व्हाइट मार्किंग



**अनूपपुर।** अनूपपुर शहर में वाहनों की गति को नियंत्रित करने के उद्देश्य विभिन्न स्थानों पर पूर्व में ब्रेकर बनवाए गए थे, जिनकी मार्किंग खराब हो जाने के कारण रात्रि के समय ब्रेकर स्पष्ट रूप से दिखाई ना देने के कारण अक्सर एक्सीडेंट घटित हो रहे थे, जिन्हें रोकने के उद्देश्य ट्रैफिक पुलिस द्वारा स्मार्ट सिटी के सामने स्थित ब्रेकर, सामतपुर तिराहा के तीनों ओर स्थित ब्रेकर में सफेद थर्मल मार्किंग करवाई गई है, जिससे ब्रेकर से टकराकर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### भारी वाहनों का प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालन रहेगा प्रतिबंधित

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए आदेश जारी कर जिला मुख्यालय अनूपपुर में 06 चक्के या 06 चक्के से अधिक सभी प्रकार के भारी वाहनों का संचालन प्रातः 6.30 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक प्रतिबंधित किया गया था। चूंकि शीत ऋतु समाप्ति की ओर है, जिसे दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर द्वारा उक्त आदेश में संशोधन कर कार्यालयीन आदेश दिनांक 06 जून 2024 पूर्ववत करते हुए जिला मुख्यालय अनूपपुर में 06 चक्के या 06 चक्के से अधिक सभी प्रकार के भारी वाहनों का संचालन प्रातः 6.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक प्रतिबंधित किया गया है। उक्त आदेश में उल्लेखित सभी शर्तें यथावत रहेगी। कलेक्टर द्वारा जिला परिवहन अधिकारी अनूपपुर एवं जिला यातायात प्रभारी अनूपपुर को आदेश का कड़ाई से पालन कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### शराबी पति ने चरित्र शंका पर पत्नी को उतारा मौत के घाट

**अनूपपुर।** जिले में एक शख्स ने सोमवार को अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। घटना बिजुरी थाना क्षेत्र की है। महिला का शव ओवरब्रिज के नीचे मिला। आरोपी पति जागेश्वर अगरिया फरार है। पुलिस के मुताबिक, 23 फरवरी को रानी अगरिया अपनी मां राम बाई के साथ छत्तीसगढ़ के चिरमिरी में एक पारिवारिक कार्यक्रम में गई थी। वहां से वह अपनी मां के साथ वापस बिजुरी लौट आई और पति जागेश्वर को चिरमिरी में ही छोड़ दिया। इससे नाराज होकर जागेश्वर ने रानी के सिर के पिछले हिस्से में कुल्हाड़ी से वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतिका के परिजनों के अनुसार, जागेश्वर शराब के लिए रोज पैसे मांगता था। इस बात को लेकर दोनों में अकसर विवाद होता था। आरोपी, पत्नी के चरित्र पर भी शक करता था, उसके साथ मारपीट करता था।

### कांग्रेस सेवादल का संम्भागीय सम्मेलन 27 फरवरी को अनूपपुर में होगा आयोजित



**अनूपपुर।** कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय सचिव मध्य प्रदेश के प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा दो दिवसीय प्रवास पर 26 फरवरी को अनूपपुर आ रहे है जो महाशिव रात्रि पर्व में 26 फरवरी को अमरकण्टक में रहेंगे तथा रात्रि विश्राम अनूपपुर में करेंगे। 27 फरवरी को सुबह 11 बजे कांग्रेस कार्यालय अनूपपुर में कांग्रेस सेवादल पदाधिकारियों के संम्भागीय सम्मेलन में भाग लेंगे उसी दिन शाम को दिल्ली के लिए लौट जाएंगे। तदाशय की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से देते हुए सेवादल के प्रदेश प्रशिक्षक लोक सभा शहडोल के प्रभारी डा० एहसान अली अंसारी ने बताया कि इस कार्यक्रम में शहडोल, उमरिया, अनूपपुर एवं डिण्डौरी जिले के सेवादल पदाधिकारी बड़ी संख्या में 27 फरवरी को अनूपपुर आ रहे है। सेवादल के राष्ट्रीय संयोजक रमेश द्विवेदी एवं शहडोल संम्भाग के कई वरिष्ठ कांग्रेस नेतागणों को भी आमंत्रित किया गया है। सेवादल के कार्यकारी अध्यक्ष राम सजीवन गौतम ने सभी सेवादल वर्दीधारी पदाधिकारियो को सुबह 11 बजे 27 फरवरी को राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय अनूपपुर मे पहुंचने की अपील की है।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई समय सीमा बैठक

डिंडौरी





कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय सीमा बैठक ली। बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम शहपुरा एश्वर्य वर्मा, प्रशिक्षु डीएफओ ध्रुव श्रीवास्तव, एसडीएम बजाग वैधनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर रामबाबू देवांगन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने आयोजित बैठक में जन अकांक्षा पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने जन अकांक्षा पोर्टल पर लंबित सभी प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने अमृत सरोवरों की जांच के बाद आरआरसी प्रस्ताव भेजने के संबंध में कार्यपालन यंत्री आरईएस से जानकारी ली। उन्होंने तत्संबंध में शीघ्र कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी निरीक्षण के दौरान चिन्हित बिंदुओं का पालन प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करेंगे। आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के बाद निरीक्षण के क्रम में इस सप्ताह छात्रावास के लिए निरीक्षण का रोस्टर तैयार कर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग निरीक्षण कार्य संपन्न करायेंगे। जिसकी समीक्षा आगामी शुक्रवार को की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने जिले में पेयजल की स्थिति की समीक्षा करते हुए पेयजल समस्याग्रस्त ग्रामों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित पेयजल परिवहन की राशि का भुगतान शीघ्र करायें। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने जल जीवन मिशन की समीक्षा की और सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों में चल रही जल जीवन मिशन योजना को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए योजनागत कार्य करें, जिससे संचालित योजनाओं में कोई समस्या ना आये और शेष योजनाओं को पूरा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व विभाग को वक्फ सम्पतियों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभागीय फाइलों को समय पर प्रस्तुत करें। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने हाईवे निर्माण कार्य के ठेकेदारों की बैठक लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मटेरियल, गुणवत्ता एवं समस्त दस्तावेजों की जांच एडीएम के द्वारा की जाए, जिसका पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने समय-सीमा की बैठक के लिए उपस्थिति पत्रक बनाने के निर्देश दिए। जिसमें सभी अधिकारी समय-सीमा की बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे। उन्होंने आगामी बोर्ड परीक्षा और शिक्षण सत्र 2025-26 की तैयारियों के संबंध में शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को पटवारियों की नियमित बैठक लेने को कहा। साथ ही कहा कि सभी एसडीएम एक ही स्थान पर लंबे समय से पदस्थ पटवारियों की सूची प्रस्तुत करें। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने बिना अनुमति के नलकूप खनन करने पर संबंधित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त पाइपलाईन में सुधार के लिए तहसीलदार के नेतृत्व में टीम गठित करें एवं स्थल पर ठेकेदार की उपस्थिति में निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार कार्यवाही करें। उन्होंने अवैध उत्खनन, फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली, ई-ऑफिस की प्रगति सहित अन्य मुद्दों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए चल रहे विभागीय गतिविधियों, अभियानों, सीएम हेल्पलाईन एवं समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों को संतुष्टि के साथ निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

# जिला प्रशासन के प्रयासों से लगातार रोके जा रहे बाल विवाह



डिंडौरी

जनपद पंचायत बजाग के ग्राम पंचायत चाड़ा अंतर्गत ग्राम सिलपिड़ी में चाईल्डलाईन के माध्यम से बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर कार्यवाही करते हुए महिला बाल विकास विभाग एवं पंचायत विभाग द्वारा ग्राम में हो रहे बाल विवाह को रोका गया। जानकारी के अनुसार वर की आयु आदर्श आयु से कम पायी गयी, संयुक्त टीम ने परिवार को समझाइश देकर समझाया कि विवाह के लिए लड़की की आदर्श आयु 18 वर्ष और लड़के की आदर्श आयु 21 वर्ष है। समझाइश के बाद परिवार के सदस्यों ने सहमति से निश्चय किया कि आदर्श आयु में ही विवाह संपन्न करेंगे। जिला प्रशासन लगातार बाल विवाह रोकने के लिए सार्थक प्रयास कर रहा है। बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होने पर महिला बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, जनपद पंचायत और राजस्व विभाग के संयुक्त अमले ने बाल विवाह के बारे में वर वधु के माता पिता को समझाया, समझाइश के साथ ही ये भी बताया गया कि बाल विवाह करना और करवाना एक क़ानूनी अपराध है, बाल विवाह करने वालों के समस्त शासकीय लाभ पर प्रतिबन्ध लग जाता है, समझाइश के बाद दोनों पक्ष ने सहमति के साथ विवाह योग्य आयु होने पर ही विवाह करने का लिखित वचन दिया, जिला प्रशासन की तत्परता के फलस्वरूप बाल विवाह रोकने में सफलता प्राप्त हुई।

# शहपुरा विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास विजन डाक्युमेंट के संबंध में बैठक संपन्न



**डिंडोरी।** शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शहपुरा विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास विजन डाक्युमेंट के लिए बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर रामबाबू देवांगन सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि शहपुरा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए विकास विजन डाक्युमेंट को तैयार किया जा रहा है। जिसका उद्येश्य क्षेत्र के परिदृश्य और विकास हेतु आगामी वर्षां के लिए कार्य योजना बनाना है। उन्होंने उक्त संबंध में सभी संबंधित विभागों द्वारा प्रस्तावित विचारों पर चर्चा की। विकास विजन डाक्युमेंट शहपुरा विधानसभा क्षेत्र के भविष्य को दृष्टिगत रख बनाया जा रहा है। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, युवा, रोजगार, अधोसंरचना, कृषि, उद्योग, सुशासन आदि विषयों को समाहित किया जाएगा। विधायक श्री धुर्वे ने सभी संबंधित विभागों से शहपुरा के विकास मॉडल के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। जिसमें विभागों द्वारा प्रारंभिक रूप से विकास विजन डाक्युमेंट की रूपरेखा बताई गई। विधायक धुर्वे ने कहा कि विजन डाक्युमेंट के लिए सभी विभाग विस्तार से कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यां को हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सभी संबंधित विभाग उपयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करें। जिससे सभी ग्रामों तक मूलभूत सुविधाओं सहित अन्य आधुनिक सुविधाएं पहुंचाई जा सके। विकास विजन डाक्युमेंट के संबंध में सभी संबंधित विभाग नवाचार युक्त सुझाव प्रस्तुत कर उन्हें पूरा करने के लिए कार्ययोजना बनाना सुनिश्चित करें।

# एक दिवसीय जनजाति गौरव दिवस कार्यशाला का आयोजन हुआ संपन्न



**अमरपुर।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के आदेशानुसार एवं जनजाति अध्ययन विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय एवं सहयोगी संस्थान वनवासी विकास परिषद कल्याण आश्रम के निर्देशन में शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में रानी दुर्गावती के 500 वीं जयंती वर्ष एवं भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती वर्ष के अवसर पर एक दिवसीय जनजाति गौरव दिवस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत मां सरस्वती वंदना, जनजाति वीरांगना रानी दुर्गावती एवं नायक भगवान बिरसा मुंडा के माल्यार्पण से किया गया। तदृपश्चात उपस्थिति मुख्यअतिथियों का स्वागत अभिवादन किया गया। आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में महेश धूमकेती द्वारा जनजाति गौरव के इतिहास को विस्तृत रूप से अभिव्यक्त किया। उन्होंने रानी दुर्गावती जी के शौर्य, वीर पराक्रमी तिलका मांझी जो प्रथम जनजाति जननायक थे एवं टंट्या भील आदि जननायकों के गौरवशाली इतिहास को समझाते हुए जनजाति संस्कृति के महत्व को बतलाया। वहीं पर अन्य वक्ता के रूप में गुलाब सिंह ठाकुर, धोबी सिंह परस्ते ने जनजाति जीवन शैली और उसकी वर्तमान परिस्थितियों में आवश्यकता को समझाया। कार्यशाला में जनजाति क्रांतिकारियों एवं नायकों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका उपस्थित सभी के द्वारा अवलोकन कर लाभ उठाया गया। छात्र भूपत धरवाइया द्वारा लोक गीत प्रस्तुत किया गया। छात्रा सुमनलता, यामिनी, सरस्वती, छाया एवं अन्य ने सराहनीय योगदान दिया। अंत में संस्था प्रमुख संदीप सिंह द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। राष्ट्रगान के द्वारा कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यशाला में साहब लाल पुषाम, छत्तर सिंह मरकाम, अमरलाल धुर्वे, सरपंच रामनाथ उद्दे, डॉ. सीमा सस्त्या, देव प्रकाश उइके, रूपेंद्र वरकड़े, डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. स्वर्णिम पटेल, डॉ. कंचन ताम्रकार, डॉ. प्रियंका दहिया, डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी, हुस्नआरा अंसारी, दीपचंद गुप्ता, प्रदीप कहार, सहज सिंह, समीर मरावी, कमलेश एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। मंच का सफल संचालन डॉ. दीपक सिंगरौल द्वारा किया गया।

# जिला स्तरीय किसान सम्मान समारोह सह एक जिला एक उत्पाद मेला का आयोजन

डिंडोरी





सोमवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किश्त का वितरण भागलपुर (बिहार) से किया, उक्त कार्यक्रम के माध्यम से जिले के 1 लाख 30 हजार 500 हितग्राही किसानों को सिंगल क्लिक के माध्यम हितलाभ प्रदान किया गया। जिला स्तरीय मेला कार्यक्रम किसान सम्मान समारोह सह एक जिला एक उत्पाद मेला एवं कृषक संगोष्ठी का आयोजन कलेक्ट्रेट ग्राउंड में किया गया, जिसमें कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में शहपुरा विधायक ओम प्रकाश धुर्वे, डिंडोरी विधायक ओमकार मरकाम, कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि,अधिकारी और हितग्राही उपस्थित रहे।शहपुरा विधायक धुर्वे ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आज पीएमकिसान सम्मान निधि की 19वीं किश्त सिंगल क्लिक के माध्यम से हस्तांतरित की गयी, यह अन्नदाता सम्मान है। अन्नदाता हमारे जीवन का आधार है, यदि अन्नदाता अनाज का उत्पादन ना करे, तो हमारा जीवन व्यर्थ है। शासन कृषकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, कृषकों के लिए चलायी जा रही विकास योजनाओं से फसल उत्पादन बढ़ा है। पहले किसानों को कृषि कार्य करने के लिए अधिक ब्याज पर ऋण लेना पड़ता था, आज किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों की कृषि में उत्पादन क्षमता की वृद्धि हुई है। किसान क्रेडिट कार्ड में 6 महीने के लिए ब्याजमुक्त ऋण दिया जाता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इसी सोच को आगे बढाते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त किया है, इस राशि से किसान खाद, बीज आदि आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहा है। समर्थन मूल्य पर फसल खरीदी कर किसानों को उपज का उचित मूल्य दिया जा रहा है। आदिवासी क्षेत्र में सिंचाई के लिए बिजली मुफ्त है, जिसके लिए किसानों को पंजीयन प्रक्रिया करना रहता है। हमारे जिले का एक जिला एक उत्पाद, कोदो-कुटकी सबसे शुद्ध एवं पौष्टिक है। हमारे क्षेत्र के देशज तकनीक और परम्पराओं से सीखकर अपनाएं, यह पद्धति पर्यावरण के अनुकूल है। डिंडौरी विधायक ओमकार मरकाम ने अपने संबोधन में पानी में निंदाई करने को सबसे बड़ा योग बताया। साथ ही उन्होंने किसानों को कृषि का हिसाब रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षा के साथ मानवीय आचरण को अपनाने का संदेश भी दिया।

### प्रदर्शनी का किया अवलोकन

कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों के द्वारा विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी में कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आजीविका मिशन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, खाद्य प्रसंस्करण एंव उद्यानिकी विभाग, आयुष विभाग, मत्स्य विभाग सहित अन्य विभागों की विभिन्न संचालित योजनाओं को प्रदर्शित किया गया।

### हितग्राहियों को किया हितलाभ वितरण

कार्यक्रम में 10 हितग्राहियों को कृषि लाभ वितरित किये गए। कृषकों को स्प्रिंकलर सेट, मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं उन्नत कृषि के लिए सम्मानित भी किया गया। 53 किसानों का नामांतरण करने के बाद नक्शा वितरित किया गया।

## नगर में यातायात हुआ बेलगाम, जाम से हलाकान अवाम

# कप्तान के आदेश का भी नहीं कोई असर

कोतमा।



नगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बेपटरी हो गई है। प्रशासन की उदासीनता के कारण नगर में जगह-जगह घंटो जाम की स्थिति बन जाती है। आलम यह है कि ना तो यातायात और ना ही पुलिस प्रशासन ध्यान दे रही है। जिसके कारण आम नागरिकों को अव्यवस्था का शिकार होना पड़ रहा है। रविवार को भी सड़क के दोनों तरफ एवं बीच सड़क में वाहन खड़ा होने के कारण घंटों जाम की समस्या निर्मित हो गई। नगर के वार्ड क्रमांक 4 मुक्ति धाम के पास किराए के कमरों में थोक सब्जी विक्रेताओं के द्वारा दुकान संचालित की जा रही है। उन दुकानदारों का हाल यह है कि सुबह 7 बजे से ही सड़क के दोनों और बड़े वाहन खड़े करवा दिए जाते हैं उसके बाद सड़क पर ही दो पहिया वाहन खड़े हो जाते हैं। जिसके कारण घंटो जाम की स्थिति बन जाती है। यह हाल कोई एक दिन का नहीं है प्रतिदिन का हाल यही है। जबकि थोक सब्जी मंडी के रास्ते से ही होकर नगर पालिका कार्यालय अस्पताल छात्रावास कन्या स्कूल के लिए बच्चे आना-जाना करते हैं । सुबह स्कूल जाने वाली बसों का भी आना-जाना बना रहता है। अस्पताल से मरीज को लाने ले जाने का कार्य भी एंबुलेंस के द्वारा किया जाता है, लेकिन बदहाल यातायात के कारण आम नागरिक परेशान हो रहे हैं। अव्यवस्थित आवागमन होने के कारण स्थित यह निर्मित हो जाती है कि लोगों को पैदल भी चलना मुश्किल हो जाता है। जबकि नगर पालिका प्रशासन के द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 3 में सब्जी मंडी का निर्माण लाखों रुपए खर्च करके किया गया है उसके बावजूद भी थोक सब्जी विक्रेताओं के द्वारा किराए का कमरा लेकर दुकान संचालित की जा रही है। आम नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से नगर के वार्ड क्रमांक 4 मुक्तिधाम के पास अस्पताल जाने वाले मार्ग में बदहाल यातायात व्यवस्था के सुधार कार्य कराए जाने की मांग की है।

### नही है यातायात पुलिस

नगर में पूर्व में यातायात पुलिस की पदस्थापना की गई थी लेकिन बर्षा पूर्व से यातायात पुलिस की तैनाती भी नगर से समाप्त कर दी गई। जिसके कारण नगर में यातायात व्यवस्था अव्यवस्थित हो गई। पुलिस कप्तान मोती उर रहमान के द्वारा जिला यातायात पुलिस को निर्देश दिए गए थे कि सप्ताह में दो दिन कोतमा नगर का यातायात पुलिस भ्रमण करते हुए अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने की कार्यवाही करेगी, लेकिन पुलिस कप्तान का आदेश भी बेअसर होता दिखाई दे रहा है। जिला यातायात पुलिस को द्वारा सप्ताह में तो क्या महीने में भी कोतमा नगर का भ्रमण नही करती। जिसके कारण दिन प्रतिदिन यातायात व्यवस्था नगर की चौपट होती जा रही है। नगर के समाजसेवी नसीरूद्दीन चंदू का कहना है वार्ड क्रमांक 4 मुखर्जी चौक से अस्पताल जाने वाले रास्ते में थोक सब्जी दुकानदारों के द्वारा प्रतिदिन सुबह से सड़क के दोनों और समान लड़े बड़े वाहनों को खड़ा करवाकर सामान खाली करवाया जाता है जबकि यह मुख्य मार्ग है और इसी रास्ते से होकर लोग अस्पताल आना-जाना करते हैं इसी रास्ते से मरीज को भी लाया ले जाता है गंभीर मरीजों को एंबुलेंस के माध्यम से ले जाने का कार्य भी किया जाता है लेकिन स्थितियां है कि घंटों जाम लग जाता है जिसके कारण कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। यातायात विभाग को व्यवस्थित यातायात के लिए आगे आना चाहिए जिससे आप व्यवस्थित यातायात को व्यवस्थित किया जा सके। वार्ड क्रमांक 10 के पूर्व पार्षद देवशरण सिंह ने नगर की यातायात व्यवस्था को लेकर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए कहां है कि पूर्व में नगर में यातायात पुलिस की पद स्थापना की गई थी लेकिन लंबे अरसे से यहां से यातायात पुलिस की व्यवस्था खत्म कर दी गई जिसके कारण आए दिन नगर के मुख्य मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है सबसे ज्यादा परेशानी मुखर्जी चौक से अस्पताल जाने वाले रास्ते में होती है जहां मुक्ति धाम के पास थोक सब्जी दुकानदारों के द्वारा सड़क के दोनों और प्रतिदिन सुबह से वाहनों को खड़ा करवरकर समान खाली करवाया जाता है साथ ही दो पहिया वाहन चालकों के द्वारा सड़क पर ही वहां खड़ा कर दिया जाता है जिसके कारण सुबह स्कूल जाने वाली बसों एवं अस्पताल जाने वाले मरीजों को घंटो जाम का सामना करना पड़ता है कभी-कभी तो स्थित यह हो जाती है कि यदि गंभीर मरीज को लेकर एंबुलेंस निकलती है तो उसे भी जाम का सामना करना पड़ता है। पुलिस अधीक्षक के द्वारा यातायात पुलिस को निर्देश भी दिए गए थे कि सप्ताह में दो दिन कोतमा नगर का भ्रमण करते हुए अब व्यवस्थित यातायात को व्यवस्थित करवाते हुए कानूनी कार्यवाही की जाए लेकिन वह भी दिखावा साबित हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### गाडगे महाराज की जयंती आज

**तेंदूखेड़ा।** स्वच्छता के जनक शिक्षा नशामुक्ति सद्भावना एकता भाईचारा के निष्काम कर्मयोगी रजक समाज के आराध्य संत शिरोमणि गाडगे जी महाराज की 149 वीं जयंती समारोह आज तेंदूखेड़ा में रजक समाज द्वारा धूमधाम से मनाया जायेगा। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय धोबी महासंघ द्वारा तेंदूखेड़ा की कृषि उपज मंडी परिसर में सुबह 10 विशाल शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली जाएगी तथा कृषि उपज मंडी परिसर में शाम छः बजे तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन समीति ने सभी सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### कक्षा 5 और 8 वीं की वार्षिक परीक्षा आज से प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शिक्षा केंद्र ने प्रदेश में कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है। सत्र 2024-25 की यह परीक्षाएं 5 मार्च को समाप्त होंगी। परीक्षा की व्यवस्था को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। कक्षा 5 वीं की वार्षिक परीक्षा का पहला प्रश्न-पत्र 24 फरवरी को होगा और अंतिम प्रश्न-पत्र एक मार्च 2025 को होगा। प्रश्न-पत्र निर्धारित समय-सारणी के अनुसार दोपहर 2 से शाम 4.30 बजे तक होगा। कक्षा 8वीं की वार्षिक परीक्षा का प्रश्न-पत्र 24 फरवरी को और अंतिम प्रश्न-पत्र 5 मार्च 2025 को होगा। निर्देशों में कहा गया है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रावधान अनुसार निःशक्त विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा प्रदान की जाये।

### प्रगतिशील कृषकों को सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार मिला

# प्राकृतिक खेती से मिलती है गुणवत्तापूर्ण उपज-कलेक्टर



### कृषि विज्ञान केन्द्र नरसिंहपुर में आयोजित हुआ जिला स्तरीय किसान सम्मान समारोह



### जिले के एक लाख 52 हजार 144 किसानों के खाते में पहुंची 30.428 करोड़ रुपये की राशि

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भागलपुर, बिहार में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19 वीं किस्त का हस्तांतरण किया। जिले के एक लाख 52 हजार 144 किसानों के बैंक खातों में 2 हजार रुपये के मान से 30 करोड़ 42 हजार 88 हजार रुपये की राशि हस्तांतरण की। जिला एवं तहसील स्तर पर पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19 वीं किस्त का वितरण किसान सम्मान समारोह के रूप में मनाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र नरसिंहपुर में किसान सम्मान समारोह के रूप में मनाया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता व कृषि स्थाई समिति अध्यक्ष सीताराम नामदेव की मौजूदगी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन व माल्यार्पण के साथ किया गया। कलेक्टर ने यहां मौजूद किसानों को प्राकृतिक खेती करने और सभी किसानों को ई- केवायसी अनिवार्य रूप से कराने पर जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि प्राकृतिक खेती करना हमारे लिए आवश्यक है। प्राकृतिक खेती में पशु पालन, मत्स्य पालन और कृषि सभी का आपस में संबंध होता है। उन्होंने कृषि अवशेष के वैज्ञानिक प्रबंधन एवं नरवाई जलाने की प्रक्रिया को कैसे हतोत्साहित किया जाये, इस पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्राकृतिक खेती के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती पटले एवं कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष श्री नामदेव ने कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा जैविक उत्पादक प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय से प्राप्त प्रमाण पत्र एवं अंकसूची तथा आत्मा कार्यालय द्वारा जिला एवं विकासखंड स्तर के कृषि, पशुपालन, मछली पालन, उद्यानिकी व कृषि अभियांत्रिकी विषयों के चयनित सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार प्राप्त प्रगतिशील कृषकों को प्रदान किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रक्षेत्र में औषधीय एवं खमेर का पौधा रोपा। कार्यक्रम के दौरान प्राकृतिक खेती, जैविक खेती ओडीओपी की प्रदर्शन भी लगाई गई। इस अवसर पर उप संचालक कृषि उमेश कुमार कटहरे, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विशाल मेश्राम, अधीक्षक भू-अभिलेख गिरीज धुलेकर, संजय कुमार मसराम, डॉ. एसआर शर्मा, डॉ. आशुतोष शर्मा, डॉ. निधि वर्मा, सहायक सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी डॉ. आरएन पटेल, अन्य अधिकारी- कर्मचारी और किसान मौजूद थे।

## बैठक में अनुपस्थिति पर कारण बताओ नोटिस जारी



### कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने समय सीमा व टीएल पत्रों की विस्तार से समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने में नरसिंहपुर जिले को मध्यप्रदेश में द्वितीय समूह ए ग्रेडिंग प्राप्त हुई है। इस पर कलेक्टर ने अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों को बधाई दी। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जो विभाग बी एवं सी ग्रेड में हैं, वे ए ग्रेड में आने के लिए प्रयास करें। शिकायतकर्ता की संतुष्टि के साथ ही शिकायत बंद की जाये। अगले माह से सीएम हेल्पलाइन में नान अटेंड शिकायत पाये जाने और बिना अटेंड किये उच्च स्तर पर पहुंची शिकायतों में संबंधित विभाग प्रमुख के विरूद्ध जुर्माना लगाया जायेगा। कलेक्टर ने विभिन्न टीएल पत्रों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समय सीमा में लंबित पत्रों का निराकरण करें। बैठक में मंडी सचिव देवेन्द्र ठाकुर एवं सीडीपीओ करेली आदित्य मोहन पटेल बगैर अनुमति और पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।बैठक में विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख मौजूद थे।

## 6 पेटी देशी शराब एवं वाहन जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** करेली थाना क्षेत्र में पुलिस ने 6 पेटी देशी शराब एवं एक तीन पहिया वाहन जब्त करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस थाना करेली ने 22 फरवरी 2025 को आरोपी रामसिंह नोरिया पिता जगदीश नौरिया उम्र 27 साल निवासी अंडिया, थाना स्टेशनगंज, जिला नरसिंहपुर तथा आरोपी प्रदीप पिता रामप्रसाद नौरिया उम्र 29 साल निवासी बरमान खुर्द को गिरफ्तार किया गया है तथा इनके कब्जे से 04 पेटी देशी मदिरा प्लेन एवं 02 पेटी देशी मदिरा मशाला कुल 300 पाव शराब व घटना प्रयुक्त आटो क्र. एमपी 49 आर 1879 जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध के धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायालय नरसिंहपुर पेश किया गया है।



### सीपीसीटी परीक्षा के लिए प्रशिक्षण 10 से

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर कार्यालय स्थित जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी नरसिंहपुर के अंतर्गत सीपीसीटी परीक्षा के लिए अल्प अवधि प्रशिक्षण जनपद पंचायत परिसर नरसिंहपुर के ई- दक्ष केंद्र में 10 मार्च 2025 से दिया जायेगा।

## शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी के चुनाव निर्विरोध हुए संपन्न, अविनाश पाठक बने अध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी सिवनी के त्रिवार्षिक निर्वाचन सरस्वती शिशु मंदिर के डॉ. भीमराव सभा कक्ष में निर्विरोध संपन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सरवरे एवं चुनाव पर्यवेक्षक आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुए निर्वाचन में अविनाश पाठक अध्यक्ष, संतोष सूर्यवंशी सचिव एवं के एल पटले कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष सचिन जैन, ब्रह्मन, राय , कमल सिंह मर्सकोले ,फूलचंद यादव ,श्रीमती सुनीता गोनगे, ,श्रीमती तोषिमा भलावी, सह सचिव संतोष बेदी, नेमीचंद निवारे, सुशील भांगरे ,श्रीमती चित्रलेखा परते,मती प्रीता उइके एवंमती कीर्ति स्वामी तथा कार्यकारी सदस्य के रूप में दवन लाल उइके, पूनाराम राजपूत, सत्यम राहंगडाले, आर के कच्छप, दीनदयाल अवधिया ,संजीव कुमार बिसेन, हरिशंकर यादव एवंमती बीना इनवाती चुनी गई। मनोनीत सदस्य के रूप में डी एस पटले एवंमती प्रिया सरोज सिंह को स्थान मिला । निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य विजय शुक्ला, जिला महामंत्री नोबद शुक्ला एवं जिला संयोजक अनिल शर्मा का विशेष योगदान रहा । निर्वाचन प्रक्रिया में जिले की समस्त नगर ,ब्लॉक एवं तहसील कार्यकारिणी से बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित हुए।

## आचार्य श्री के स्मृति दिवस के अवसर पर जैन समाज ने निकाली गौरव यात्रा

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्या सागर महाराज के प्रथम समाधि स्मृति दिवस के अवसर पर करेली सकल दिगम्बर जैन समाज ने भक्ति भाव के साथ यह पावन दिन मनाया। विद्यासागर महाराज के अष्टधातु निर्मित चरण पादुका के सान्निध्य के साथ शहर में गुरु गुणगान गौरव यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आचार्य विद्यासागर महाराज जी के स्मृति स्वरूप उनके चरणपादुका नवमी की शुभ बेला में करेली में स्थापित किए गए। प्रेस चैराहे से मुख्य मार्ग से शोभा यात्रा के रूप में चरण पादुका के दर्शन किए गए, भक्तों ने अपने अपने घरों के सामने रंगोली डालकर शोभा यात्रा का स्वागत किया, अगवानी यात्रा में भक्तों ने जगह-जगह आचार्य श्री को याद कर उनके चरण पदुकाओं की आरती भी की। अवसर पर श्री दिगंबर जैन मंदिर में अभिषेक, शांतिधारा एवं विद्या गुरु पूजन विधान संपन्न भी हुआ, चरण पादुका दर्शन यात्रा में सकल दिगंबर जैन समाज के स्वजातीय बंधु सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु माताएं बहनें उपस्थित रही।



## तेंदूखेड़ा क्षेत्र के 9 केंद्रों पर परीक्षाएं आज से

### बारहवीं में 1121 छात्र देंगे परीक्षा



**तेंदूखेड़ा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित किये गये वार्षिक परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार आज 25 फरवरी से परीक्षायें प्रारंभ होने जा रही है। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नौ परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में 1319 परीक्षार्थी और हायर सेकंडरी प्रमाण पत्र परीक्षा में 1121 परीक्षार्थी शामिल होंगे। लगभग सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के साथ परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा ना हो को दृष्टिगत रखते हुए व्यापक स्तर पर प्रबंध किए गए हैं।अधिकांश परीक्षा केंद्रों पर बाहर दूसरे गांवों के छात्र भी शामिल होंगे उन्हें आने जाने को लेकर भी समय का ध्यान रखते हुए उक्त परीक्षाएं सुबह 9 बजे 12 बजे तक आयोजित की जायेगी।

### कन्या विद्यालय केंद्र में बैठेंगे सर्वाधिक छात्र

तहसील मुख्यालय पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा क्षेत्र का सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र है। यहां पर कक्षा दसवीं में 265 तथा बारहवीं में 312 छात्र छात्राएं शामिल होंगे।इस केंद्र में बालक उच्चतर तेंदूखेड़ा के साथ सर्वोदय विद्यालय अंग्रेजी हिन्दी माध्यम के साथ ज्ञानोदय स्कूल के छात्र शामिल होंगे। जबकि बिल्थारी हायर सेकंडरी स्कूल परीक्षा केंद्र में सबसे कम परीक्षार्थी शामिल होंगे।हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा के बालक उच्चतर विद्यालय केंद्र में दसवीं में 161और बारहवीं में 199 छात्र बैठेंगे।देवरी राजमार्ग केंद्र में दसवीं में 260बारहवी में 247 छात्र चांवरपाठा में दसवीं में 108 बारहवीं में 139 छात्र डोभी परीक्षा केंद्र में दसवीं में 201 बारहवीं में 151 छात्र ग्राम बिल्थारी परीक्षा केंद्र में दसवीं में 34 छात्र कक्षा बारहवीं में 35 छात्र छात्राएं शामिल होंगी।इसी भामा हाईस्कूल परीक्षा केंद्र में 113 मदनपुर में 88 और विलगुवां परीक्षा केंद्र में कक्षा दसवीं में 89 तथा बारहवीं में 38 छात्र शामिल होंगे।

### सुरक्षा के हो पुख्ता इंतजाम

तेंदूखेड़ा परीक्षा केंद्र में कुछ बाहर ग्रामों के साथ प्राइवेट स्कूलों के परीक्षार्थी शामिल हुआ करते हैं लेकिन विगत वर्षों में जो विषय चर्चाओं में रहें उनकी अब पुनरावृति ना हो सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जायें।विगत वर्ष कुछ प्राइवेट स्कूलों के शिक्षक खुले आम इन परीक्षा केंद्रों में घूमकर माहौल गंदा किया करते थे इससे छात्रों में भेदभाव की स्थिति निर्मित होने के साथ इन स्कूलों के छात्र परीक्षा में लगे पंखों खिड़कियां भी तोड़कर जाते थे। जिससे अध्ययन रत छात्र छात्राओं को स्कूली समय में परेशानी हुआ करती थी। और प्रबंधन को भी अलग से व्यय भार पड़ता है।

## स्वयंसेवी संगठनों ने भिक्षावृत्ति उन्मूलन के लिए की पहल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** हमारे धार्मिक स्थलों के आसपास भिक्षावृत्ति करते लोग भारत की वैभवशाली परंपरा की छवि धूमिल करते है। इस हेतु अब प्रशासन व सरकार भी सजग है। इस हेतु इंदौर,भोपाल जैसे बड़े शहरों में लगातार काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में नरसिंहपुर के स्वयंसेवी संगठनों ने भी भिक्षावृत्ति उन्मुलन के लिए पहल की है और शनिवार को दादा महाराज मंदिर परिसर में एक मुहिम चलाई गई वहां पर भिक्षावृत्ति करने वाले लोगों से संपर्क किया गया।सभी का नाम व पता नोट किया गया भिक्षावृत्ति



करने का कारण जानने का प्रयास किया गया ।इसी कड़ी में ज्ञात हुआ कि ज्यादातर लोगों ने भिक्षावृत्ति को एक आदत या व्यवसाय के रूप में लिया है उनको समझाइश दी गई तथा भिक्षावृत्ति न करने के लिए निर्देशित किया गया। देखने में आया है कि कई बार छोटे छोटे बच्चे भी इस कार्य में संलग्न रहते है।जब माता पिता मजदूरी के लिए घर के बाहर जाते है तो साथ में बच्चों को भी ले जाते है देखने में आया है कि ऐसे बच्चों या तो इधर उधर घूमते रहते हैं या भिक्षावृत्ति में संलग्न रहते है।ऐसे बालकों के लिए भी उनके माता पिता से बात की गई व उन्हें बाल संरक्षण की शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।उन्हें बताया गया कि इस तरह के बालकों की शिक्षा भी जारी रह सकती है।उनके माता पिता से विस्तृत चर्चा की व उन्हें बालकों को भिक्षावृत्ति न करने व उनकी शिक्षा जारी रखने के लिए प्रेरित किया गया इस अवसर पर समाजसेविका श्रीमति संध्या कोठारी उपस्थित रही उन्होंने बताया कि प्रशासन की पहल पर ये कार्य एक मुहिम की तरह दादा महाराज मंदिर परिसर में चलाया जाएगा।उन्होंने इसे बाल संरक्षण व भिक्षावृत्ति उन्मूलन की दिशा में एक ठोस प्रयास बताया।

## भारत माता की आरती कर मनाई गई शिवाजी जयंती



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्मजयंती हिन्दवी स्वराज संस्था द्वारा हर्षोल्लास से भारत माता की आरती कर मनाई गयी । उपस्तिथत वक्ताओं डां अनंत दुबे, सुनील कोठारी, सुदर्शन वैद्य, शिवकुमार रैकवार, धर्मेंद्र चैहान, एस के चतुर्वेदी, अशोक मराठा, ओशी कुशवाहा आदि ने कहा कि शिवाजी महाराज का जीवन चरित्र हमारे लिए आदर्श है जो राष्ट्र के लिए सर्वस्व समर्पित करने की प्रेरणा देता है। इसके आधार पर वर्तमान समय मे भी देश के लिए सर्वस्व अर्पित का भाव जागरण काल चल रहा है। सनातन संस्कृति की वैचारिक व भौतिक पुनरस्थापना का समय चलायमान है, जिसमे सरकारों व प्रशासन के साथ जनभागीदारी भी अति आवश्यक है। शिवाजी चैक के नामकरण व प्रतिमास्थापना की प्रशासनिक प्रक्रियाओ की जानकारी सार्वजनिक करते हुये आकर्षक आतिशबाजी व गगनचुम्बी नारों के साथ शिवाजी चैक पर शिवाजी महाराज की भव्य-दिव्य प्रतिमा स्थापित करने का संकल्प दोहराया गया। इस अवसर पर अनेकानेक संगठनों के पदाधिकारियो कार्यकर्ताओ सहित आमजनों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम संयोजक विनीत नेमा द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं शशिकांत मिश्रा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## लापता युवक का शव तालाब मे मिला

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी में सोमवार सुबह दो दिन से लापता मानसिक रूप से कमजोर युवती का शव एक तालाब में मिला है। जंगल की ओर जाते वक्त ग्रामीणों ने शव को बरेली गांव स्थित तालाब में उतराता हुआ देखा था। घटना किंदरई थाना क्षेत्र में घंसौर गांव की है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी केन्द्र निर्धारित

**गोटेगांव।** शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए किसान पंजीयन का कार्य 31 मार्च 2025 तक किया जायेगा। इसके लिए उत्पादित फसल गेहूं के पंजीयन का कार्य करने के लिए कलेक्टर ने केन्द्रों का निर्धारण किया है। जिसमें गोटेगांव तहसील के लिए सेवा सहकारी संस्था सूरवारी, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित इमलिया-कामती, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित बरहेटा, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित मेख, सेवा सहकारी समिति मर्यादित सिमरीबडी, सेवा सहकारी समिति मर्यादित उमरिया, सेवा सहकारी समिति लाठगांव, सेवा सहकारी समिति मर्यादित बढ़ैयाखेड़ा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित चांदनखेड़ा, सेवा सहकारी समिति मर्यादित करकबेल, सेवा सहकारी समिति मर्यादित सिवनीबंधा, सेवा सहकारी समिति करेलीकलां और आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था श्रीनगर को पंजीयन स्थल बनाया गया है।

## मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण किया

**गोटेगांव।** नगर के मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण किया गया, जिससे महिलाओं को सुरक्षित और स्वच्छ जीवनशैली अपनाने में सहायता मिलेगी।यह अभियान निरंतर जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं और किशोरियों को जागरूक किया जा सके। ग्राम पंचायत नेगुवां में महिला स्वास्थ्य अभियान एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं और किशोरियों को स्वास्थ्य जागरूकता, माहवारी स्वच्छता एवं देखभाल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। मेडिकल ऑफिसर डॉ. इंदु राजपूत ने माहवारी के दौरान स्वच्छता, पौष्टिक आहार, सावधानियाँ और महिला स्वास्थ्य से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। इस दौरान गोटेगांखेड़ा की सरपंच प्रियंका खेमरिया,मेडिकल ऑफिसर डॉ.इंदु राजपूत,शिक्षिका ऊषा राजपूत,रूपसिंह उईके,कल्पना रजक,रेनु कुर्मी,प्रियंका मेहरा,नई पहल फाउंडेशन के सदस्यः गनेश प्रजापति, भूपेंद्र परिहार,आशुतोष मेहरा,दीपक कुमार रजक,अभिषेक साहू, कु. विद्या प्रजापति उपस्थित रहे।

